<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–28 जुलाई 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों का किया आह्वान– गांव के स्तर से गरीबी उन्मूलन का तय करें लक्ष्य।
- प्रदेश विधानमण्डल का मॉनसून सत्र कल से। विधानसभा अध्यक्ष ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक।
- प्रधानमंत्री आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में लोगों से साझा करेंगे अपने विचार।
- पेरिस ओलम्पिक के पहले दिन निशानेबाज मनु भाकर ने जगायी पदक की उम्मीद। भारतीय हॉकी टीम ने भी की जीत से शुरूआत।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना प्रत्येक भारतीय का लक्ष्य है और हर राज्य को साथ लिए बगैर यह पूरा नही हो सकता। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्यों के स्तर पर रोड़ मैप बनाया जाना चाहिए। पीएम मोदी कल नई दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की नौवीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गांव के स्तर से गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य तय करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को नये अवसरों का लाभ उठाकर अंतर्राष्ट्रीय निवेश के लिए अनुकूल नीति बनाने की आवश्यकता है। यह भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति का माध्यम है। श्री मोदी ने कहा कि देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। नीति आयोग की इस बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्री और केन्द्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल तथा केन्द्रीय मंत्री, शासी परिषद के पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल हुए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल नई दिल्ली में हुई नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में प्रदेश की उपलब्धियॉ सामने रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात वर्ष पहले तक जो उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य और देश के विकास में बाधक माना जाता था आज वही प्रदेश असीमित संभावनाओं वाले राज्य के रूप में स्थापित हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में नौ दशमलव दो प्रतिशत योगदान के साथ उत्तर प्रदेश दूसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था के रूप में देश का ग्रोथ इंजन बन कर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर का आकार देने के लिए सभी विभागों को दस सेक्टरों में बांटकर प्रयास किये जा रहे हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में कल नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक हुई। बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में सुशासन के सर्वश्रेष्ठ मापदंड स्थापित होने चाहिए और इसके लिए आपसी सहयोग और स्वास्थ प्रतिस्पर्ध जरूरी है। बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। यह बैठक आज भी जारी रहेगी।

**********

उत्तर प्रदेश विधानमण्डल का मॉनसून सत्र कल से शुरू होगा। इसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज शाम चार बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई है। मॉनसून सत्र को लेकर आज भाजपा भी अपने संसदीय दल की बैठक करेगी। विधानमण्डल का यह सत्र फिलहाल संक्षिप्त रहने की उम्मीद है। इसके लिये कल से दो अगस्त तक का कार्यक्रम जारी किया गया है। सत्र के दौरान तीस जुलाई को सरकार अनुपूरक बजट भी प्रस्तुत करेगी। यह वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिये प्रदेश सरकार का पहला अनुपूरक बजट होगा। मॉनसून सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक सदन के पटल पर रखे जायेंगे। इसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने आज कार्यमंत्रणा समिति की बैठक भी बुलाई है।

**********

कांवड़ यात्रा के चलते सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ और हापुड़ के बाद अब गाजियाबाद समेत अमरोहा में स्कूलों को बंद करने के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। अमरोहा में आठवीं तक के सभी विद्यालयों में उन्नसीत जुलाई तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। वहीं गाजियाबाद में कावड़ यात्रा को देखते हुए उन्नतीस जुलाई से दो अगस्त तक सभी शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.

***सावन के महीने में बड़ी संख्या में कावंड़िये हरिद्वार से जल लेकर गाजियाबाद होकर राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली की ओर जाते हैं। इसको देखते हुए गाजियाबाद जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले में संचालित सभी स्कूलों को 29 जुलाई से 2 अगस्त तक बंद रखने का निर्देश दिया सीबीएसई, आईसीएसई, प्राविधिक शिक्षा, उच्च शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त समस्त शिक्षण संस्थाओं एवं मदरसा, संस्कृत बोर्ड के प्राचार्यों, प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापकों को उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के***

*लिए कहा गया है। इसके साथ ही 26 जुलाई की रात से छोटे एवं हल्के वाहनों के लिए डायवर्जन प्लान लागू कर दिया गया है। वहीं 29 जुलाई की रात्रि १२ बजे से २ अगस्त तक कवांड मार्ग पर छोटे वाहन भी पूरी तरह से प्रतिबंधित होंगे। मनोज कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार, ग़ाज़ियाबाद से।*

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह रेडियो के मासिक कार्यक्रम की 112वीं कड़ी है। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह दूसरी कड़ी है। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्कों, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी के यू ट्यूब चैनल, डी डी न्यूज, पी एम ओ और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय में इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के तुरंत बाद सभी क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल रात राजस्थान, झारखण्ड, पंजाब समेत कई राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति की है। हरि भाऊ किसनराव बागड़े को राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। संतोष गंगवार झारखण्ड के नये राज्यपाल होगें जबकि सीपी राधाकृष्णनन को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया है। रमन डेका को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम का राज्यपाल बनाया गया है। ओम प्रकाश माथुर सिक्किम के राज्यपाल का पदभार संभालेंगे।

**********

होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा है कि प्रदेश में होमगार्ड के बयालीस हजार पदों पर जल्द ही भर्ती की जायेगी। उन्होंने बताया कि होमगोर्ड भर्ती परीक्षा को पुलिस भर्ती परीक्षा के पैटर्न पर कराया जायेगा। परीक्षार्थियों को लिखित के साथ ही शारीरिक दक्षता परीक्षा भी पास करनी होगी। होमगार्ड मंत्री ने कहा कि जल्द ही परीक्षा के लिये नोटिफिकेशन निकाला जायेगा।

**********

अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान रामलला की प्रतिमा पर पहली बार किसी दूसरे देश ने डाक टिकट जारी किया है। दक्षिणपूर्वी एशियाई देश लाओस में कल वहां के विदेश मंत्री सेलुमक्से कोमासिथ ने भारतीय विदेश मंत्री यश जयशंकर के साथ संयुक्त रूप से रामलला पर डाक टिकट जारी किया।

**********

पेरिस ओलम्पिक में पहले दिन भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के फाईनल में पहुंच कर पदक की उम्मीदें जगा दी हैं। हॉकी के अपने पहले मुकाबले में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को तीन–दो से पराजित कर ओलंपिक अभियान की शुरूआत जीत से की। बैडमिन्टन में लक्ष्य सेन ने अपना पहला मुकाबला जीत लिया है। उधर, टेनिस में मेंस डबल के पहले मुकाबले में रोहन बोपन्ना और एन. श्रीराम बालाजी की जोड़ी को देखने के लिये दर्शकों में काफी उत्साह रहा। हालांकि बारिश के कारण फ्रांस की जोड़ी के साथ उनका मुकाबला विलंबित हो गया। उनका मैच देखने पहुंचे भदोही के परीक्षित मिश्रा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रोहन बोपन्ना एकबार फिर भारत को गर्व की अनुभूति करायेंगे।

***ये मैच देखने के लिये हम खास करने आय है यहां पर अपनी पत्नी के साथ, जब से हम यूरोप में आये है, उसके बाद से हमारा जो लगाव और झुकाव है इस खेल के प्रति बहुत ज्यादा हो गया है। बालाजी और बोपन्ना का एक बहुत ही अद्भुत काम्बिनेशन देखने के लिये मिलेगा हमें। मैं ये एक्सेट कर रहा हूं कि इस बार तो भारत को गर्व की एकदम अनुभूति करायें और बुलंदियों पर पहुंचाये।***

**********

काकोरी ट्रेन एक्शन की सौवीं वर्षगांठ सताब्दी समारोह के रूप में मनायी जोयगी। नौ अगस्त को इसके सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। विभिन्न जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिये प्रदेश सरकार ने संस्कृति विभाग को नोडल विभाग की जिम्मेदारी सौंपी है। (डेस्क)

बीते तीन दिनों से बारिश का सिलसिला थमने से उमस भरी गर्मी में वृद्धि हुयी है। हालांकि मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया है। इस बीच, गोरखपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आज सुबह से आसमान में बादल छाये हुए है।

**********